## संक्षिप्त

### यात्रियों से भरी बस नाले में उतरी

**टोंक।** देवली थाना क्षेत्र के राजमल-गांवड़ी रोड पर सोमवार को एक निजी बस अनियंत्रित होकर नाले में उतर गई, दुर्घटना में आधा दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह एक निजी बस टोडारायसिंह से देवली की ओर आ रही थी तभी वह गांवड़ी गांव के पास अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसे के समय बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। इस दौरान बस का आधा हिस्सा नाले में उतर जाने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर पंहुचे ग्रामीणो ने देवली थाना पुलिस को सूचना दी तथा बस में सवार यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला।

### जन्म कल्याणक महोत्सव में की पुष्प वर्षा

**निवाई।** राष्ट्रीय संत आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जिसमें निवाई से सैंकडों श्रद्धालुओं का जत्था गाजे बाजे से महोत्सव में भाग लिया। महोत्सव के अन्तर्गत भगवान पाश्र्वनाथ के जन्मोत्सव की खुशी में महिलाओं ने बधाई गीत गाए एवं पुरुषों ने भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान सर्व प्रथम दिनेश गट्टी एवं विमल पाटनी के नेतृत्व में भगवान के जन्मोत्सव की शोभायात्रा में पुष्प वर्षा की। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा ने बताया कि जन्म कल्याणक महोत्सव में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि भगवान के जन्म कल्याणक आत्म कल्याण और संयमित जीवन जीने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर महावीरप्रसाद पराणा, विमल सोगानी, प्रेमचंद सोगानी, संजय सोगानी, महेन्द्र चंवरिया, राजेन्द्र गट्टी, रमेश जैन, प्रदीप गट्टी, पवन गट्टी, मंजू जैन, हेमा जैन, स्नेहा जैन, शुभि जैन, आशी जैन एवं रेखा जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में शामिल होकर भक्ति की व आचार्य को श्रीफल भेंट कर चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया।

### बैठक संपन्न

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। मालपुरा में बाबा रामदेवजी मंदिर में 28 दिसम्बर को रैगर महासभा का षष्टम जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर महासभा आपके द्वार अभियान के तहत रैगर छात्रावास टोंक में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी तहसील अध्यक्षों को राशि संग्रहण के लिए रसीद बुक उपलब्ध करवाते हुए लक्ष्य आवंटित किये गए। बैठक में सम्मान समारोह को लेकर आवेदकों द्वारा 10 दिसम्बर तक आवेदन जमा करवाने, जिन भामाशाहों की राशि बकाया हैं, उसको महासभा के खाते में 20 नवम्बर तक जमा करवाने, भामाशाहों के नाम के शिलालेख एवं समाज की जनगणना करने सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई।

### एनडीपीएस प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल के निर्देशन में वृत्ताधिकारी आशीष प्रजापत के सुपरविजन में डिग्गी थानाधिकारी जतन चौधरी द्वारा गठित टीम ने थाना लाम्बाहरिसिंह में दर्ज प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में वांछित व फरार आरोपी सत्यनारायण गर्ग पुत्र राधेश्याम गर्ग निवासी वार्ड नम्बर 03 चापनेरी पीएस भिनाय जिला अजमेर को चापानेरी भिनाय से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इसी प्रकार डिग्गी थाना पुलिस ने 7 नवम्बर को हुई सडक दुर्घटना में घायल फतेहलाल बैरवा को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक चेतन गुर्जर को स्वागत-सम्मान कर हौसला अफजाई किया गया।

### अवैध शराब मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के निर्देशन मे वृत्ताधिकारी देवली हेमराज एवं थानाधिकारी घाड हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अवैध श्शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये घाड से धुवाकलां जाने वाले रोड पर अवैध देशी शराब परिवहन करते आरोपी गोविन्द नारायण पुत्र सोदान माली उम्र 40 साल निवासी भरनी थाना घाड को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 पव्वे देशी शराब के जप्त किया।

# जयपुर ग्रामीण सांसद ने प्रतिभागियों के साथ पदयात्रा कर दिया एकता का संदेश

- सरदार150 यूनिटी मार्च का जिला स्तरीय आयोजन
- पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित करना - राव राजेन्द्र सिंह

**कोटपूतली।** माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरदार150 यूनिटी मार्च का जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय कोटपुतली से किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक कोटपुतली हंसराज पटेल भी मौजूद रहे ।

जिला स्तरीय पदयात्रा महाविद्यालय से आरंभ होकर ज्योतिबा फुले चौक, मुख्य बाजार एवं अग्रसेन चौक से होते हुए राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय पर संपन्न हुई। मुख्य अतिथि ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही प्रतिभागियों के साथ हौसला अफजाई करते हुए यात्रा भी पूर्ण की. इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जिलेवासियों और विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत व अभिवादन कर सहभागिता निभाई. यूनिटी मार्च में स्काउट, गाइड, एनएसएस, एनसीसी सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित आमजन ने सहभागिता दिखाई।



सरदार150 यूनिटी मार्च का आयोजन सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय कोटपुतली से किया ।

मुख्य अतिथि राव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की सीमाओं को रेखांकित करते हुए मूर्त रूप प्रदान किया। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर आयोजित इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित करना। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और भारत के राजनीतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने कूटनीति और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग के माध्यम से विभिन्न रियासतों को भारत में मिलाया, जिससे देश को एक भौगोलिक और राजनीतिक स्वरूप मिला।

विधायक पटेल ने कहा कि सरदार150 यूनिटी मार्च जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम कोटपूतली में की धरती पर हो रहा है। यह हमारा सौभाग्य है। युवा एवं खेल मंत्रालय के जिला युवा अधिकारी पंकज यादव ने सरदार150 यूनिटी पदयात्रा और अन्य संचालित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इन पदयात्राओं से देश के युवाओं में जागरूकता तथा जोश का संचार होता है।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही

**टोंक।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शादियों के सीजन में खाद्य पदार्थो के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में टीम ने टोडारायसिह के जयपुर रोड धाकड़ कॉलोनी में स्थित में महेंद्र किराना स्टोर पर छापा मारकर पान मसाला विमल ब्रांड, टोस्ट जयपुरी ब्रांड, प्रॉपराइटरी फूड कुरकुरे टेढे मेढे ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 298 किलो पान मसाला विमल, 35 कार्टून कुरकुरे व 21 कार्टून टोस्ट को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मंदिर सीताराम कर्म जोहड़ा में पाटोत्सव व नानी बाई को मायरो कथा का समापन

**पावटा।** समीपवर्ती ग्राम रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा आंतेला स्थित सीताराम जी मंदिर कर्मजोहड़ा में 1008 शंकर दास महाराज, 1008 भगवान दास महाराज, 1008 भरत दास महाराज, 1008 गोपाल दास महाराज की विशेष अनुकंपा व 108 महंत मंगलदास जी महाराज के सान्निध्य एवं संत रघुनाथ दास जी महाराज, विशंभर दास जी महाराज, रामशरण दास जी महाराज, शिवदयाल जी महाराज, राधेश्याम दास जी महाराज की उपस्थिति में सोमवार को प्रथम पाटोत्सव वतीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा केअंतिम दिन सोमवार को कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस दौरान अखंड रामायण पाठ, पतंजलि योग शिविर, श्रीराम संकीर्तन, यज्ञ और भंडारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कथा वाचक नर्मदा की कृपा पात्री



भगवान श्रीकृष्ण ने भरा मायरा, भावुक हुए श्रद्धालु।

साध्वी अखिलेश्वरी दीदी मां वागदी संगम आश्रम नेमावर इंदौर मध्य प्रदेश ने कहा कि यह कथा गौमाता, माता पिता, सास ससुर, बड़े बुजुर्गो की सेवा, सहयोग और समर्पण की सीख देती है। कथा में सहयोग की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को जीवित रखना है तो हमें एकजुटता से मिलकर ऐसे धार्मिक आयोजन करना जरूरी है। नरसी मेहता में भगवान के प्रति समर्पण की भावना थी।

कथावाचक अखिलेश्वरी दीदी मां ने नरसी मेहता और श्रीकृष्ण के बीच हुए रोचक संवाद को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि घर में कितनी भी बहु हों, कोई अपने पीहर से कितना भी लाए, मगर ससुराल के लोगों को कभी भी धन के लिए किसी को प्रताड़ित नहीं करना चाहिए क्योकि हर किसी की आर्थिक स्थिति एक सी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बहन के भाई नहीं हो या परिवार गरीब हो तो उसका सहयोग करना चाहिए। नानी बाई को मायरो कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण ने छप्पन करोड़ का मायरा भरा। नरसी भक्त ने भी कड़ी तपस्या कर भगवान को याद किया, उनको आना पड़ा और श्रीकृष्ण ने छप्पन करोड़ का मायरा भी भरा। भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त नरसी मेहता ने जब अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया तब उन्हें भगवान का साक्षात्कार हुआ।

# विधायक ने किया क्षेत्र में विभिन्न सड़को का शिलान्यास व लोकार्पण

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र में 2 किलोमीटर लंबी एनएच 48 से मीणा की ढाणी पठान मुख्य बाजार बाबा का मंदिर से होते हुए बस स्टैंड तक भाबरु अटल पथ 2025- 26, पंचायत भवन जवानपुरा से राजीव गांधी पाठशाला सेवंदो की ढाणी तक 2 किलोमीटर लंबी नॉन पैचेबल सड़क 2025- 26,

- अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं - धनकड

बागावास चौरासी से परमानंद जी मंदिर 1.5 किलोमीटर लंबी नॉन पैचेबल सड़क 2025- 26, अलवर रोड से सुरसुरा 0.500 किलोमीटर लंबी नॉन पैचेबल सड़क, सूरपुरा स्कूल से ब्राह्मणों के मोहल्ले तक किलोमीटर लंबी सड़क, मैड बीलवाडी सड़क से खेड़ा की ढाणी (एएमडी 231 ) वाया झामुका मंदिर, बड की ढाणी, कपासन माता मंदिर 2 किलोमीटर लंबा अटल पथ, नवरंगपुरा मेड रोड से जाटों की ढाणी 1.5 किलोमीटर



विधायक धनकड ने नॉन पैचेबल सड़क का शिलान्यास किया।

लंबी नॉन पैचेबल सड़क कार्य का शिलान्यास व वही माधो का बास से जोगीपुरा बजट घोषणा 2024- 25 परमानेंट रेस्टोरेशन एसडीआरएफ लंबाई 1 किलोमीटर का विधि-विधान से पूजन अर्चन कर लोकार्पण भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया और इन सड़को के निर्माण कार्य के लिए लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं। आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में यातायात और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जनता को राहत मिलेगी।

## शाहपुरा में आज तक का पशुओं में सबसे जटिल ऑँपरेशन कर रचा इतिहास

- 4 घंटे की कडी मक्कशत के साथ 8 सदस्यीय चिकित्सक टीम ने किया ऑँपरेशन

**मनोहरपूर।** शाहपुरा शहर के राजकीय बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय ने आज तक का शाहपुरा क्षेत्र में सबसे जटिल ऑँपरेशन कर इतिहास रच गंभीर घायल नंदी का जीवन बचाया। ऑँपरेशन अस्पताल उपनिदेशक डॉ.प्रहलाद रैगर के निर्देशन में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.बनवारी लाल यादव,नायन पशु चिकित्सालय सर्जन स्पेशलिस्ट डॉ. रामवीर सिंह,मोबाइल वैटेनरी चिकित्सक डॉ.महेंद्र लांबा के अथक प्रयासो से संभव हुआ।नंदी को रैस्क्यू से लेकर ऑँपरेशन तक मे सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान समाजसेवी गौरक्षक धर्मपाल यादव,लोकेश सामोता का रहा।

घायल नंदी शहर के नजदीक स्थित चिमनपुरा गाँव मे दो नंदी मे आपस से लडने पर अंडाशय में सींग लगने से अंडाशय फट गये जिससे लगातार रक्तस्त्राव होने से हालात गंभीर हो गई थी। ग्रामीणों ने घायल नंदी की सूचना गौरक्षक धर्मपाल यादव,लोकेश सामोता को दी लेकिन मौके पर लगातार 7 दिन के अथक प्रयासों के बाद शुक्रवार को नंदी को रैस्क्यू किया गया।जिसके बाद भी किसी को भी नजदीक ना आने देने के कारण डॉ.ललित किशोर यादव के निर्देशन में पशुधन निरीक्षक संजय शर्मा, प्रवीण शर्मा,रामशरण मीणा,मुकेश यादव ने बेहोशी की दवा लगाकर कंट्रोल में लेकर नगरपरिषद आयुक्त शुभम गुप्ता द्वारा भेजी गई जेसीबी तथा खोरी परमानंद धाम मंहत हरिओम दास जी द्वारा उपलब्ध कराई गई पिकअप से खोरी गौशाला लाया गया। उपनिदेशक डॉ.प्रहलाद सहाय रैगर को लिखित अवगत करा ऑँपरेशन कराने के लिए टीम गठन के पत्र देने पर उपनिदेशक ने 8 सदस्यीय चिकित्सकों की टीम बनाकर तुरंत आदेश जारी किये। वरिष्ठ चिकित्सक बनवारी यादव, डॉ.रामवीर सिंह, डॉ.महेंद्र लाल लांबा, पशुधन निरीक्षक संजय शर्मा,प्रवीण शर्मा, रामशरण मीणा, मुकेश यादव, सावित्री देवी, दिनेश यादव ने जटिल ऑँपरेशन 4 घंटे की कडी मक्कशत कर अंडाशय का सफल ऑँपरेशन किया। इस मौके पर गौरक्षक धर्मपाल यादव, लोकेश सामोता, सनातन सेवा संस्थान अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जितेश शर्मा, राहुल सैनी, शिवम सैनी, अशोक सैनी, पीयूष यादव ने ऑँपरेशन मे चिकित्सक टीम का सहयोग किया।

# 'स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार, मरीजों के इलाज में होगी सहूलियत'

**अलवर ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने विश्व शांति एवं विज्ञान दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रज्ञा जन अभियान (अखिल विश्व गायत्री परिवार), उत्तकृष्टार्थ जागृत सत्यजन अभियान (उजास) तथा ग्राम रावणदेवरा समग्र विकास समिति अलवर के संयुक्त

- वनमंत्री उत्तकृष्टार्थ जागृत सत्यजन अभियान तथा ग्राम रावणदेवरा समग्र विकास समिति अलवर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया

तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामान्य चिकित्सालय के दंत विभाग में स्थापित लगभग दो लाख रुपए लागत की अत्याधुनिक आरवीजी एक्स-रे



वन मंत्री संजय शर्मा नेदंत विभाग में अत्याधुनिक आरवीजी एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया।

मशीन का उद्घाटन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य और विज्ञान का समन्वय ही समाज के सतत विकास का आधार है। जब समाज सेवा और विज्ञान एक साथ आते हैं, तो देश के हर नागरिक को बेहतर सुविधा मिलती है। उन्होंने भामाशाहों और गायत्री परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से सरकारी अस्पतालों की सेवाएं और सशक्त बनेंगी। उन्होंने कहा कि यह एक्स-रे मशीन जिला अस्पताल के दंत विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों की सुविधाओं में विस्तार करेगी।

इस दौरान प्रबुद्ध व्यक्ति, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## शिविर में 466 बच्चों की आँखों की जाँच की

**भरतपुर ।** कुम्हेर कस्बे के महिला एवं बाल विकास (सी डी पी ओ) कार्यालय में सोमवार को समृद्ध भारत अभियान संस्था द्वारा डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित निशुल्क बाल नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 466 बच्चों की जांच कर 79 को ऑपरेशन योग्य चयनित किया तथा 66 बच्चों को निशुल्क चश्में उपलब्ध कराये गये। शिविर का शुभारम्भ कुम्हेर की उपखंडाधिकारी श्रेष्ठाने किया तथा अध्यक्षता समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने की ! विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति के विकास अधिकारी रणवीर सिंह एवं सी डी पी ओ महेंद्र अवस्थी उपस्थित थे। शिविर में मुख्य अतिथि एसडीएम श्रेष्ठाने कहा कि बच्चों में निकट दृष्टि दोष, दूर दृष्टि दोष, एलर्जी, जलन, आँखों में पानी आना, दृष्टि कमजोरी और लेजी आई जैसी समस्या तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर निदान न होने पर ये समस्याएँ बच्चों की शिक्षा व विकास को बाधित करती हैं। उन्होंने शिविर को बच्चों के हित में सराहनीय पहल बताया। अध्यक्षता कर रहे समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि कई बच्चों की दृष्टि समस्या अनदेखी रह जाती हैं जबकि शुरुआती अवस्था में उपचार आसान और अधिक प्रभावी होता है।

उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से जांच के साथ-साथ अभिभावकों में जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। विशिष्ट अतिथि बीडीओ रणवीर सिंह एवं सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी ने बताया कि पोषण की कमी, स्क्रीन टाइम, धूल-मिट्टी और गलत पढ़ाई की आदतें बच्चों की आँखों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ऐसे शिविर प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के समन्वित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम हैं। शिविर में 466 बच्चों की विस्तृत नेत्र जाँच की गई। जांच के दौरान अनेक समस्याएं जैसेकृदृष्टि धुंधलापन, नजदीक-दूर स्पष्ट न दिखना, लालपन, कॉर्निया संबंधी प्राथमिक विकार और स्क्विंट जैसी समस्याएं पाई गई। इनमें से 79 बच्चों का चयन ऑपरेशन एवं उन्नत उपचार हेतु किया गया।

## सार-समाचार

### 31 दिसंबर तक पेंशन सत्यापन के निर्देश

**पावटा।** ब्लॉक पावटा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वार्षिक पेंशन सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। प्रशासन ने सभी पात्र पेंशनधारियों को 31 दिसंबर 2025 तक अपना सत्यापन करवाने का निर्देश दिया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पावटा के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन प्रतिवर्ष माह नवंबर एवं माह दिसंबर में करवाया जाना होता है। ब्लॉक पावटा में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कुल 22343 पेंशनर पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें से 4303 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा चुका है एवं 18040 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। वही शहरी क्षेत्र में कुल 4416 पेंशनर पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें से 674 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा चुका है एवं 3742 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गेंदालाल ने बताया वि यह सत्यापन नजदीकी ई-मित्र केंद्र, मोबाइल ऐप के माध्यम से, क्षेत्र के पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी कार्यालय,पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से कराया जा सकता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं करवाने वाले पेंशनधारियों की पेंशन अगले माह से रोक दी जाएगी। विभाग ने पेंशनधारियों से समय पर सत्यापन करवाने का आग्रह किया है ताकि वे योजना का लाभ निरंतर प्राप्त कर सकें। सत्यापन के दौरान किसी भी समस्या के लिए संबंधित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### डीएमएफटी की गर्वेनिंग काउंसिल की 8वीं बैठक आयोजित

**अलवर ।** अलवर जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) की गर्वेनिंग काउंसिल की 8वीं बैठक सोमवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई, जिसमें 36.70 करोड रूपये के 161 प्रस्तावों को सर्वसहमति से अनुमति पश्चात राज्य सरकार को भेजने की अनुशंषा की गई। इस दौरान केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, भरतपुर सांसद श्रीमती संजना जाटव, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा मौजूद रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, डीएफओ अलवर राजेन्द्र सिंह हुड्डा, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध खननकर्ताओं पर खनिज विभाग की कार्यवाही

**कोटपूतली।** खनिज विभाग कोटपूतली की टीम ने एएमई अमीचंद दुहारिया के नेतृत्व में सोमवार 10 नवम्बर को राजस्व ग्राम किरतपुरा व पवाना अहीर क्षेत्र में बजरी के अवैध खनन की षिकायत पर सरूण्ड थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की। इस दौरान नदी क्षेत्र (सोता नदी चारागाह जमीन) के पास एक स्थान पर अवैध खननकर्ताओं द्वारा नदी क्षेत्र से बजरी का अवैध खनन कर स्टॉक किया जाना पाना गया। मौका निरीक्षण के दौरान 02 ढ़ेरियों में लगभग 300 टन मिट्टी के साथ में कुछ भाग में बजरी का स्टॉक पड़ा हुआ पाया गया। स्टॉक में बहुत कम मात्रा में लगभग 05 प्रतिषत बजरी होना पाया गया, जो कि अनुपयोगी होना प्रतीत हुई, जिसको जेसीबी मशीन द्वारा नदी क्षेत्र में डालकर मिट्टी में मिलाकर खुर्द-बुर्द किया गया। पुलिस थाना प्रभारी, सरुण्ड कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। इस दौरान एएमई अमीचन्द दुहारिया, सरूण्ड थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, दिनेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

### उप जिला अस्पताल शाहपुरा के गेट नंबर दो को ताला लगाकर किया बंद

**शाहपुरा ।** शाहपुरा में स्थित राजकीय उप जिला अस्पताल का गेट नंबर दो बंद होने से मरीजों व डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि गेट नंबर दो के सामने ही राजकीय उप जिला अस्पताल का डिलीवरी प्रसव केन्द्र बना हुआ है इसलिए इसी गेट से डिलीवरी केस आते- जाते है लेकिन अब गेट पर ताला लगाकर बंद कर दिया है जिससे डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं व मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा एम्बुलेंस को भी आने जाने में दिक्कत हो रही है। अब अस्पताल में गेट नंबर एक ही आने जाने का एक मात्र रास्ता है इसी से सब आते-जाते है। लोगों ने अस्पताल प्रशासन से गेट नंबर दो को खोलने की मांग की है। राजकीय उप जिला अस्पताल शाहपुरा के पीएमओ डॉ. विनोद योगी ने बताया कि गेट नंबर दो पर ताला लगाया गया है। यह अस्पताल की आंतरिक सुरक्षा का मामला है, मरीजों के हित एवं सुरक्षा में ही निर्णय लिया गया है। मरीजों का हित सर्वोपरि है।

### नाबालिगों को वाहन नहीं देने की अपील

**फुलेरा।** रेलवे सुरक्षा एवं यात्री सुविधा को लेकर सोमवार सांयकाल जीआरपी थाना फुलेरा में थानाधिकारी गुलज़ारी लाल की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों व सुरक्षा सखियों की विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरक्षा को लेकर कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाधिकारी गुलज़ारी लाल ने कहा कि नाबालिगों को वाहन न दिया जाए, यह समाज के हर जिम्मेदार नागरिक का दायित्व है। उन्होंने नए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमों की अवहेलना न सिर्फ स्वयं बल्कि परिजनों व दूसरों के लिए भी खतरा साबित हो सकती है। उन्होंने रेलगाड़ियों में असामाजिक तत्वों व अनाधिकृत वेंडर्स पर नजर रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जीआरपी को देने की अपील की। साथ ही यात्री एवं उनके परिजन रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बरतें व अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें। अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में सीएलजी सदस्य शेषनारायण सैनी, श्यामलाल सैनी, पूनम कुमावत, पार्षद पूजा भाटी, खादिम अब्दुल शरीफ शाह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### घूमर फेस्टिवल 19 नवम्बर को

**भरतपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से भरतपुर में आगामी 19 नवम्बर को पहली बार घूमर फेस्टिवल-2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रस्तावित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को घूमर फेस्टिवल की सभी तैयारियां समयबद्ध और प्रभावी रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि यह आयोजन राजस्थान की गौरवशाली परंपराओं और लोक संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक बन सके। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि महिला शक्ति का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिला सहभागिता सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था, पार्किंग, टेंट, लाइट, साउंड, सजावट, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत, शौचालय और चिकित्सा दल की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय टोंक में आपदा प्रबंध के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एनडीआरएफ टीम ने कैडेट्स व संकाय सदस्यों को आपदा के प्रकार व बचाव के तरीके सिखाए। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो लोकेश कुमार शर्मा व इंस्पेक्टर राजेश मालावत के निर्देशन में कार्यकम आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रशिक्षण कैडेट्स में आत्मविश्वास पैदा करता है तथा इससे वो देशसेवा के लिए तत्पर रहते है। उन्होंने कैडेट्स को आमजन व ग्रामिणों में आपदा से बचाव की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया ।